# Sample Question Paper

## Common Annual Examination (वार्षिक परीक्षा)

2018 -2019

| | |
|---|---|
| Class- VIII (निष्ठा) | Subject- हिंदी |
| Time- 2 घंटे 30 मिनट | Max. Marks – 50 |

सामान्य निर्देश।

1- इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं- क, ख, ग और घ।

2- चारों खण्डों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।

3- यथा संभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः लिखिए।

### खण्ड - क अपठित अंश

1- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए —

गरीबी लोगों को कई तरह से प्रभावित करती है। गरीबी के प्रभावों में अशिक्षा, बालमजदूरी, बेरोजगारी, असुरक्षा आदि प्रमुख हैं। पैसों की कमी की वजह से अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती ही जा रही है। ये अन्तर किसी भी देश को अविकसित की श्रेणी की ओर ले जाता है। गरीबी की वजह से ही कोई छोटा बच्चा अपने परिवार की आर्थिक मदद के लिए स्कूल जाने के बजाय कम मजदूरी पर काम करने को मजबूर है।

1- गरीबी के प्रभावों में क्या क्या प्रमुख है?

2- अमीर और गरीब के बीच की खाई किसके कारण बढ़ रही है?

3- देश को अविकसित श्रेणी की ओर कौन ले जा रहा है?

4- परिवार की आर्थिक मदद के लिए कोई छोटा बच्चा किसके लिए मजबूर है?

5- "गरीबी लोगों को प्रभावित करती है।" रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए?

2- निम्न लिखित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

हठकर बैठा चाँद एक दिन
माता से यह बोला,
सिलवा दो माँ मुझे ऊन का
मोटा एक झिंगोला।

सन सन चलती हवा रात भर
जाड़े से मरता हूँ,
ठिठुर ठिठुर कर किसी तरह से
यात्रा पूरी करता हूँ।

आसमान का सफर और यह
मौसम है जाड़े का,
न हो अगर तो ला दो कुरता
ही कोई भाड़े का।

1- चाँद ने माता से क्या सिलवाने के लिए बोला ?
2. चाँद जाड़े से क्यों मर रहा है ?
3- किस तरह से चाँद यात्रा पूरी करता है ?
4. सफर कहाँ का है और मौसम किसका है ?
5- "मोटा" एक झिंगोला में रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए ?

खण्ड एव 'व्यावहारिक व्याकरण"

3- अधि उपसर्ग से दो शब्द लिखिए | ½×2=1

4. आई प्रत्यय से दो शब्द लिखिए | ½×2=1

5- निम्न लिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए - | 1×2=2

(1) जो आज्ञा का पालन करता हो

(ii) जो कम खाना खाता हो

6. निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - 1×2=2

(i) आकाश (ii) पानी

7- सन्धि से बनने वाले दो शब्द लिखिए। 1×2=2

जगत + ईश

महान + आत्मा

8. रेखांकित कारक के भेद का नाम लिखिए - 1×2=2

<u>रेशमा ने</u> पत्र लिखा।

<u>खण्ड -(ग) पाठ्यपुस्तक</u>

9- निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2×5=10

1- घर में बच्चे उधम मचाते रहते हैं; कामचोर पाठ के आधार बताइए कि उधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई ?

2- "जग में बैरी कोई नहीं" वाक्य में कबीर का आशय क्या है?

3- अकबरी लोटा में जरूरत पड़ने पर बिलवासी जी ने रुपयों की व्यवस्था कहाँ से की ?

4. कबीर ने ऐसा क्यों कहा कि म्यान का नहीं तलवार का महत्व होता है ?

5. जहाँ पहिया है पाठ में कवि जंजीरों द्वारा किन समस्याओं की ओर इशारा कर रहा है ?

6. आलम-आरा फिल्म के नायक के रूप में विट्ठल का चयन होने के बाद उन्हें हटाया क्यों गया ?

10- निम्न लिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए 3×2=6

1- "हिलकर पानी नही पीना चाहिए" इस विषय पर बच्चों ने क्या निर्णय लिया और क्यों ?

2- कबीर के दोहे में घास का प्रयोग। किस अर्थ में किया गया है। घास की निन्दा करने से कबीर क्यों मना करते हैं ?

3- पहली बोलती फिल्म में कितने चेहरे थे ? पहली बोलती फिल्म के आधार उत्तर लिखिए।

11- पुडुकोट्टई में रहने वाली महिलाओं के जीवन में आने वाले कौन कौन से परिवर्तन साइकिल आंदोलन द्वारा आया ? 4

अथवा

पसन्द न होने पर भी लाला झाऊलाल ने चुपचाप लोटा क्यो ले लिया ? अपने विचार लिखिए

12 निम्न लिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दो का निबन्ध लिखिए 5

(i) किसान का जीवन

(ii) वृक्षों की उपयोगिता

(iii) सफाई की आवश्यकता

13- ट्रैफिक जाम की परेशानियों पर ट्रैफिक पुलिस अधिकारी को पत्र लिखिए 5

अथवा

जन्मदिन मनाने के बाद उसके बारे में बताते हुए अपने चाचा जी को पत्र लिखिए